अब निबंधित रियल एस्टेट प्रोजेक्ट और प्रमोटरों की रैंकिंग करेगा रेरा

अच्छे फ्लैट की पहचान होगी आसान, ग्राहकों से भी इस संबंध में लिया जाएगा फीडबैक

- पहली रिपोर्ट जल्द ही रेरा की वेबसाइट पर जारी होगी, खरीदारी से पहले निर्णय ले सकेंगे आम लोग
- प्रोजेक्ट की प्रगति और कार्यशैली के अनुसार इस रैंकिंग को लगातार अपडेट किया जाएगा

राज्य ब्यूरो, जागरण ● पटना : राजधानी समेत राज्य भर में बन रहे बेहतर रियल एस्टेट प्रोजेक्टों की पहचान अब आसान होगी। बिहार रेरा अब निबंधित रियल एस्टेट प्रोजेक्ट और प्रमोटर-बिल्डरों की रैंकिंग जारी करेगा। पहली रिपोर्ट जल्द ही रेरा बिहार की वेबसाइट (https://rera.bihar.gov.in) पर जारी होगी ताकि संभावित घर खरीदार निवेश करने से पहले समुचित निर्णय ले सके। इस रैंकिंग पर आम लोगों से भी प्रतिक्रिया आमंत्रित की जाएगी। प्रोजेक्ट की प्रगति और कार्यशैली के अनुसार इस रैंकिंग को लगातार अपडेट किया जाएगा।

बिहार रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि रैंकिंग का उद्देश्य ऐसे सभी निबंधित परियोजनाओं के प्रदर्शन की रिपोर्ट जारी करना है, जिन्होंने 2016 में रेरा अधिनियम के लागू होने के बाद अपनी परियोजनाओं को निबंधित किया है। इसकी मदद से घर खरीदार किसी भी परियोजना में निवेश करने से पहले सुविधानुसार निर्णय ले सकेंगे। परियोजनाओं की रैंकिंग के लिए शब्द 'बिहार रेरा रियल एस्टेट प्रोजेक्ट कोटिएंट' (BRQ) जबकि

प्रोमोटर के लिए 'बिहार रेरा प्रोमोटर्स कोटिएंट (BPQ) का संबोधन किया जाएगा। अधिक बीआरक्यू का मतलब है कि परियोजना की प्रगति अच्छी है और अगर यह कम है तो परियोजना अच्छे ढंग से नहीं चल रही है। परियोजनाओं की रैंकिंग में भौतिक प्रगति, आवंटनकर्ताओं से जुटाए गए धन का उपयोग, शिकायतों की संख्या और परियोजना के प्रमोटर के खिलाफ दायर किए गए मामलों को ध्यान में रखा जाएगा। वहीं निबंधित प्रोमोटरों की रैंकिंग में, अनुभव, निबंधित परियोजनाओं की संख्या, समय पर परियोजनाओं का पूरा होना और कानूनी मामले आदि को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी निबंधित प्रमोटरों को रैंकिंग के लिए उपयोग किए गए मापदंडों के बारे में सूचित किया गया है। इस पर उनके सुझाव भी मांगे गए हैं, ताकि विचार करने के बाद ही आम लोगों के लिए रिपोर्ट जारी की जाए। रेरा बिहार की ओर से रैंकिंग जारी किए जाने की पहल की महाराष्ट्र रेरा अध्यक्ष अजय मेहता ने भी प्रशंसा की है। पटना दौरे पर आए अजय ने कहा कि इससे संभावित घर खरीदारों को बड़ी मदद मिलेगी।